ट्रांसफॉर्मर चोरी करते दो गिरफ्तार

क्रेन से उठाकर ट्रक में ले जा रहे थे

नई दिल्लीः 3 सितंबर, 2013। पूर्वी दिल्ली के मंडोली इलाके में बिजली के ट्रांसफॉर्मर की चोरी करते दो युवक रंगे हाथों पकड़े गए हैं। ये लोग 100 केवीए का एक ट्रांसफॉर्मर दिनदहाड़े चोरी कर ले जा रहे थे। ट्रांसफॉर्मर को उठाने और उसे ले जाने के लिए के लिए ये अपने साथ एक क्रेन और ट्रक भी लेकर आए थे। गौरतलब है कि क्रेन और ट्रक के ड्राइवरों में से किसी को नहीं पता था कि ट्रांसफॉर्मर की चोरी की जा रही है। चोरों ने उन्हें बताया था कि वे बीएसईएस के कर्मचारी हैं और यह ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया है, इसे कहीं और ले जाना है। ट्रांसफॉर्मर का वजन 700 किलो था।

क्रेन के सहारे ट्रांसफॉर्मर को उठाकर दोनों चोरों ने उसे ट्रक में रखवा दिया था, और ट्रक ट्रांसफॉर्मर को लेकर चल भी पड़ा था। लेकिन, स्थानीय लोगों को कुछ शक हुआ, क्योंकि वहां खड़े किसी भी वाहन पर बीएसईएस का लोगो नहीं लगा था। शक होने पर लोगों ने बीवाईपीएल के स्थानीय ऑफिस में फोन कर पूछा कि क्या बीवाईपीएल के लोग मंडोली इलाके से ट्रांसफॉर्मर हटाकर ले जा रहे हैं। ट्रांसफॉर्मर उठाने की बात सुनकर बीवाईपीएल की टीम अचानक सकते में आ गई, क्योंकि कहीं से कोई ट्रांसफॉर्मर नहीं हटाया जाना था। सूचना पाते ही बीवाईपीएल के ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक चोर ट्रांसफॉर्मर को ट्रक पर रखकर उसे वहां से ले जा चुके थे।

स्थानीय लोगों ने बीवाईपीएल अधिकारियों को बताया कि ट्रांसफॉर्मर लेकर ट्रक किस तरफ गया है। बीवाईपीएल अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को फोन किया और ट्रक को पकड़ने के लिए उस दिशा में चल पड़े। कुछ ही दूर जाने पर वह ट्रक दिख गया। दोनों चोरों को चोरी के ट्रांसफॉर्मर के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपियों के नाम सुनील और मुजफ्फर हैं।

ट्रांसफॉर्मर चोर तकनीकी तौर पर कितने माहिर थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस ट्रांसफॉर्मर में हाई करंट था और इसके बावजूद वे लोग ट्रांसफॉर्मर को निकालकर ले जाने में कामयाब हो गए।

बीवाईपीएल प्रवक्ता के मुताबिक– आमतौर पर चोर और नशेड़ी लोग ट्रांसफॉर्मरों के आसपास लगी लोहे की जालियां उखाड़कर ले जाते हैं। ट्रांसफॉर्मर का तेल चुराने की घटनाएं भी सामने आई हैं। लेकिन इस बार सुनील और मुजफ्फर नामक शातिर चोर पूरा का पूरा ट्रांसफॉर्मर ही उखाड़कर ले जा रहे थे। बीवाईपीएल ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे थोड़े चैकन्ने रहें। अगर उन्हें कहीं दिखे कि कुछ लोग ट्रांसफॉर्मर या कोई अन्य उपकरण निकालकर रहे हैं, तो वे तुरंत 399 99 808– बीवाईपीएल और 399 99 707– बीआरपीएल पर फोन करें। प्रवक्ता के अनुसार, अगर कोई असामाजिक तत्व बिजली का कोई उपकरण ले जाता है या उससे छेड़छाड़ करता है, तो उस इलाके के उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। तुरंत उनकी बिजली गुल हो जाती है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....